सप्तदश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-**04.03.2022** के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री रत्नेश सादा, स०वि०स० श्री निरंजन कुमार मेहता, स०वि०स० श्री दामोदर रावत, स०वि०स० श्री सुदर्शन कुमार, स०वि०स०	"बिहार राज्य के 38 जिलों के सभी पंचायतों में बिहार सरकार की अनावाद जमीन उपलब्ध है । 38 जिलों के दलित, महादलित, अति पिछड़ा समुदाय के लोगों को शव जलाने में काफी कठिनाइयाँ हो रही हैं, कभी-कभी तो शव जलाने के दौरान मारपीट की घटनाएं हो जाती हैं । अत: जनहित में अनावाद जमीन को चिन्हित कर शवों को जलाने हेतु श्मशान की व्यवस्था करने के लिए हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	राजस्व एवं भूमि सुधार

2.	श्री जनक सिंह, स०वि०स० श्री पन्ना लाल सिंह पटेल, स०वि०स० श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, स०वि०स० श्री राम नारायण मंडल, स०वि०स० श्री कृष्णनंदन पासवान, स०वि०स० डॉ० सी०एन० गुप्ता, स०वि०स०	''माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकारी सेवा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे पर दिनांक-28.01.2022 को फैसला देते हुए यह निर्णय दिया गया है कि पदोन्नति में आरक्षण का मापदण्ड राज्य और केन्द्र सरकार तय करेगी, लेकिन उससे पहले उच्च पदों पर उचित प्रतिनिधित्व का सही आंकड़ा जुटाना आवश्यक होगा । वर्ष 2006 में नागराज मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा संख्यात्मक डाटा एकत्र करने का आदेश दिया गया था, लेकिन 16 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा उचित प्रतिनिधित्व से संबंधित डाटा तैयार नहीं किया गया है जिसके कारण सभी प्रकार की पदोन्नति पर रोक लगी हुई है । अत: अविलम्ब संख्यात्मक डाटा एकत्र कर प्रोन्नति पर लगी रोक हटाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	सामान्य प्रशासन

शैलेन्द्र सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-04/2022- 971 / वि०स०, पटना, दिनांक- 03 मार्च, 2022 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3/3/22
(राजीव कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-04/2022- 971 / वि०स०, पटना, दिनांक- 03 मार्च, 2022 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्रिगण के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3/3/22
(राजीव कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-04/2022- 971 / वि०स०, पटना, दिनांक- 03 मार्च, 2022 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह० 03/3/22
(राजीव कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-04/2022- 971 / वि०स०, पटना, दिनांक- 03 मार्च, 2022 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव एवं संयुक्त सचिव के आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सचिव एवं संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

ह० 03/3/22
(राजीव कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।
3/3/22